# माह दिसम्बर, 2021

**दिनांक 02.12.2021 को मौसम विभाग द्वारा मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद के ऊचॉई वाले क्षेत्रों** में बर्फवारी की सम्भावना से अवगत कराया गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्तानुसार सम्बन्धित समस्त रेखीय एवं खोज–बचाव टीमों को सर्तक पर रखा गया तथा जनपद में आये पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर ररूने हेतु सूचना प्रसारित की गयी।



भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT
METEOROLOGICAL CENTRE DEHRADUN

उत्तराखंड के लिए 5 दिनों का जनपद-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान
5 days District-Level Weather Forecast for Uttarakhand

जारी करने की तिथि व समय / Date & Time of issue:
3rd December, 2021 at 10:00 Hours IST

| दिनांक/Date | मौसम पूर्वानुमान | WEATHER FORECAST |
|---|---|---|
| 03.12.2021 | • उत्तराखंड राज्य के देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा/बर्फबारी होने की संभावना है \| राज्य के शेष जनपदों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है \|<br>• 3500 मी. और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी होने की संभावना है \| | • Very light to light rain/snowfall likely to occur at isolated places in Dehradun, Tehri, Uttarkashi, Rudraprayag, Chamoli, Bageshwar & Pithoragarh districts of Uttarakhand. Dry weather likely to prevail in remaining districts of Uttarakhand.<br>• Snowfall likely to occur at places with height 3500 m and above. |
| 04.12.2021 | • उत्तराखंड राज्य के जनपदों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है \| | • Dry weather likely to prevail in districts of Uttarakhand. |
| 05.12.2021 | • उत्तराखंड राज्य के जनपदों के अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा/बर्फबारी हो सकती है \|<br>• 2500 मी. और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी होने की संभावना है \| | • Light to moderate rain/snowfall likely to occur at many places in districts of Uttarakhand.<br>• Snowfall likely to occur at places with height 2500 m and above. |
| 06.12.2021 | • उत्तराखंड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा/बर्फबारी होने की संभावना है \| राज्य के मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है \|<br>• 2500 मी. और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी होने की संभावना है \| | • Very light to light rain/snowfall likely to occur at isolated places in hills of Uttarakhand. Dry weather likely to prevail in plains of Uttarakhand.<br>• Snowfall likely to occur at places with height 2500 m and above. |
| 07.12.2021 | • उत्तराखंड राज्य के जनपदों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है \|<br>• राज्य के मैदानी क्षेत्रों विशेषकर हरिद्वार एवं उधम सिंह नगर जनपदों के कुछ भागों में कोहरा/ हल्का कोहरा रहने की संभावना है \| | • Dry weather likely to prevail in districts of Uttarakhand.<br>• Fog/Shallow fog likely to occur in some parts of plains especially in Haridwar and Udham Singh Nagar districts of Uttarakhand. |
| अगले दो दिनों का दृष्टिकोण | | Outlook for next two days |
| कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं \| | | No large change. |

**दिनांक 02.12.2021 को मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में जनपद उत्तरकाशी** से सम्बन्धित आवश्यक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के सफल संचालन हेतु जनपद के नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु सम्बन्धित विभागों एवं शासन से समन्वय स्थातिप कर कार्यवाही की गयी।




**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद अन्तर्गत सामान्य विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत** आने वाले जनप्रतिनिधियों के पत्रालेख के अनुसार हैलीकॉप्टर उतरने, विश्राम एवं उड़ान भरने हेतु कॉर्डिनेट का प्रेषण तथा अनुमति सम्बन्धी कार्यवाही संचालित की गयी। इसके अतिरिक्त जनपद में गम्भीर बीमार लोगों को मुख्य चिकित्साधिकारी की आख्यानुसार हैली कॉप्टर के माध्यम से Emergency Evacuation हायर सेन्टर रेफर किये जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य में Emergency Evacuation & Medical Intervetion by hiring Helicopter की सेवाओं हेतु आवश्यक प्रोटोकॉल्स प्लान के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में गर्भवती महिलायें, गम्भीर रोगियों को जो सड़क दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित हुये है एवं अन्य प्रकार के गम्भीर रोगी जिनकों Emergency Evacuation & Medical Intervetion by hiring Helicopter की आवश्यकता है को निःशुल्क हैलीकॉप्टर प्रदान किये जाने का प्राविधान के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

**<u>जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद के तहसील मोरी/पुरोला अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में</u>** शीतकाल में भीषण आगजनी की घटनाओं के दृष्टिगत अग्निकाण्ड की घटनाओं के रोकथाम हेतु सर्तकता बरतते हुये लोगों को पशुचारा/लकड़ी को घर से दूर भण्डारित किये जाने, घरों के पास आग न जलाने तथा अग्निशमन उपाय/नियंत्रण हेतु जागरूक किये जाने हेतु उक्त क्षेत्रों समस्त ग्राम प्रधानों आदि को पत्रालेख किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को अपने घरों में अग्निसुरक्षा हेतु रेत–बजरी एवं पानी के टैंक की व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता रखे जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुये अग्निकाण्ड की घटना घटित होने पर तत्काल निम्न दूरभाष पर सूचित करें–

1. थानाध्यक्ष, मोरी– 9412077402, 9761066797, 01373–234626
2. थानाध्यक्ष पुरोला– 9411112866, 01373–223347
3. अग्निशमन दल, पुरोला– 9456128094
4. अग्निशमन अधिकारी, बडकोट– 9410378153, 8755649774
5. पुलिस क्षेत्राधिकारी, बड़कोट– 9411112766, 01373–223321
6. उप जिलाधिकारी, पुरोला– 9719773528
7. जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी–
   मो0–7500337269, 7310913129 (Off) 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free),

**<u>दिनांक 04.12.2021 को राजकीय कीर्ति इण्टर कालेज उत्तरकाशी में 05 दिवसीय NCC प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>** का आयोजन किया गया। उक्त तिथि को विद्यालय परिसर मे 130 NCC कैडिट तथा 06 NCC स्टाफ को आपदा प्रबन्धन के मास्टर टैनर द्वारा एक दिवासीय आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारी एंव भूकम्प मॉक अभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया।









**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा तहसील मोरी एवं पुरोला में शीतकाल में अग्निकाण्ड की** घटनाओं के रोकथाम हेतु एस0जे0वी0एन0एल0 लि0 मोरी के सहयोग से पशुचार भण्डार कक्ष बनवाया रहा है । चिन्हित ग्रामों में निम्न प्रकार से शैड निर्माण की प्रगति है–


| क्र.सं. | चिन्हित ग्राम का नाम | कुल चिन्हित परिवारों की संख्या | वर्तमान तक निर्माण किये गये शैडों की संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैनोल | 53 | 53 | कार्य पूर्ण |
| 2 | सुनकुण्डी | 65 | 39 | अवशेष शैड निर्माण का कार्य प्रगति पर |
| 3 | पांव तल्ला | 63 | 30 | |
| 4 | पांव मल्ला | 59 | 26 | |
| 5 | गैच्वाणगांव | 175 | 30 | |
| 6 | नैटवाड | 120 | – | अनुबन्ध गठित किया गया है। शीघ्र शैड निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। |


**दिनांक 05.12.2021 को समय प्रातः 02:02 बजे जनपद उत्तरकाशी के तहसील भटवाडी एवं डुण्डा, चिन्यालीसौड, बडकोंट, पुरोला, मोरी एंव धौन्तरी क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प के हल्के झटके महसूस** किये गये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–</u>**

- भूकम्प का परिमाण– 3.2(रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश / Latitude – 30.65° N
- देशान्तर / Longitude – $78.78^{0}$ E
- समय– 00:23:19 PM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 10 कि0मी0 नीचे थी।

- भूकम्प का परिमाण – 3.8 (रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश / Latitude – 30.61° N
- देशान्तर / Longitude – $78.82^{0}$ E
- समय– 02:02:47 PM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 10 कि0मी0 नीचे थी।




**<u>दिनांक 6.12.2021 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग, हर्षिल एंव सुक्की टॉप में हल्की बर्फवारी हुयी। जनपद</u>** आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय किया गया। एंव मार्ग अवरुद्व होने पर सुचार करवाते हुये आवश्यक व्यवस्था करवायी गयी।





**दिनांक 11.12.12.2021 को रात्रि लगभग 01:00 बजे श्री राजेश शाह पुत्र बिमलू शाह एंव महेन्द्र शाह** पुत्र श्री बनथूया शाह ग्राम कृष्णा गांव के मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल फायर सर्विस/पुलिस/राजस्व टीम को घटना की सूचना से अवगत कराते हुये त्वरित गति से प्रतिवादन का कार्य सम्पन्न करवाया गया। उक्त परिवार के घरेलू समान बर्तन, विस्तर, कपड़े आदि सामान जलकर नष्ट हुए जिसमे किसी प्रकार की जनहानि एंव पशुहानि  नही हुयी है।

**दिनांक 12.12.2021 को दूरभाष से ग्राम लाटा के पास जंगली जानवर भालू जो कि गांव में आने की** सूचना प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा वनक्षेत्राधिकारी भटवाडी आदि को तत्काल सूचित कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

दि**नांक 13.12.2021 को रात्रि के समय बड़ेथी पी0डब्लू डी0 सेंज से श्रीमती सुमती देवी पत्नी स्व0 श्री** कमलेश्वर जोशी की अचानक पांव फिसलने से पहाड़ी से गिरकर उक्त महिला की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा त्वरित कार्यवाही दलएंव पुलिस को सूचित कर उक्त महिला के शव को बरामद कर पुलिस को सुर्पुद किया गया।










**सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के निर्देशानुसार दिनांक 14.12.2021** को आई0आर0एस0 अन्तर्गत Stagging Area, Relief Camp, Site Chief & Incident Command Post सम्बन्धित प्रशिक्षण/मॉक अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। मॉक अभ्यास का प्रशिक्षण IRS विशेषज्ञ श्री बी0बी0 गणनयक द्वारा दिया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारीयों को विस्तार से आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित जानकारी एंव सम्बन्धित अधिकारियो के उत्तरदायित्व के बारे मे बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान मॉक अभ्यास राजकीय इंटर कालेज बडकोट परिसर मे किया गया जिसमे विद्यालय के छात्र–छात्राओं एंव विभिन्न विभागों कि अधिकारी/कार्मिकों एवं संसाधनों सहित प्रतिभाग किया गया।
















अनूप, नितिन, धर्म सिंह, गुड्डू चौहान आदि शामिल रहे। गुंसाई, मनीष असवाल,

## अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया आईआरएस का प्रशिक्षण

**बड़कोट/एसएनबी।** उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को तहसील बड़कोट परिसर मे विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक दिवसीय आईआरएस का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज बड़कोट परिसर में मॉक ड्रिल भी किया गया।

मंगलवार को बड़कोट तहसील सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईआरएस विशेषज्ञ बी.बी. गणनायक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विस्तार से आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारी एवं संबंधित अधिकारियों के उत्तरदायित्व के बारे मे बताया। आईआरएस प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल में अधिकारियों को आपदा के समय उनके दायित्वों एवं पदों के बारे गहनतापूर्वक जानकारी दी गयी। जिससे आपदा के दौरान आम जनमानस को अधिक से अधिक लाभ पहुंच सके तथा आपदा से कम से कम नुकसान हो सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद राजकीय इंटर कॉलेज बड़कोट मे आपदा से पूर्व एवं आपदा के बाद मॉक ड्रिल किया गया। मॉकटेल अभ्यास में विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं इंटर कॉलेज के 90 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम में बड़कोट उप जिला अधिकारी शालिनी नेगी, पुलिस उपाधीक्षक अनुज, आपदा प्रबंधन के मास्टर ट्रेनर मस्तान भंडारी, सहायक कन्सेलटट जय प्रकाश, कनिष्ठ अभियन्ता शार्दुल सिंह सहित विभिन्न विभागों के करीब 17 अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र सहायिका ने डीएम से लगाई गुहार

**गोपेश्वर/एसएनबी।** दशोली विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्र नैल कुडाव में कार्यरत सहायिका ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर केंद्र में कार्यकत्री के पद पर तैनाती दिए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में आंगनबाड़ी केंद्र नैल कुडाव की सहायिका रंजना का कहना है कि यह विगत कई समय से नैल कुडाव मे आंगनबाड़ी मे सहायिका के पद पर कार्यरत है। विगत कई समय से इस केंद्र में कार्यकत्री का पद रिक्त चल रहा है। बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर किसी अन्य को भर्ती कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जबकि विज्ञप्ति के अनुसार केंद्र की सहायिका को भी इस पद पर तैनात किए जाने का प्रावधान है। कहा कि विभाग द्वारा उनकी सेवाओं को दरकिनार कर किसी अन्य महिला को पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने डीएम से मामले की जांच करते हुए न्याय दिए जाने की मांग की है।



हिन्दुस्तान • देहरादून • बुधवार • 15 दिसंबर 2021 • 08

## कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



6 गढ़वाल सहारा देहरादून | बुधवार • 15 दिसम्बर • 2021 www.rashtriyasahara.com

## अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया आईआरएस का प्रशिक्षण

<u>**दिनांक 20.12.2021 को स्वीप/निर्वाचन जागरुकता अभियान रैली मनेरा स्टेडियम में निकाली गई थी**</u> जिसमें अलग–अलग विद्यालयो के छात्र–छात्राओ, पीआरडी जवाने NCC केडेट, महिला मंगल दल ने प्रतिभाग किया । जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा उक्त हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं ड्रोनकैमरा से रिकॉर्डिंग की गयी।







**विधान सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत दिनांक 22.12.2021 को जिला मुख्यालय मे** संचार मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें शैडो एरिया/दुर्गम क्षेत्रो में कम्युनेकशन हेतु संचार की व्यवस्था की गयी। जिस हेतु जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा आवश्यक तैयारिया/व्यवस्था की गयी।







**दिनांक–23.12.2021 को समय लगभग 1:00 बजे तहसील भटवाड़ी क्षेत्रान्तर्गत श्रीमती** मधुमिता भूमिक पत्नी श्री गोपाल भूमिक, उम्र 41 वर्ष, निवासी– पश्चिम–बंगाल, जो गंगोत्री जा रहे थे,का अचानक पैर फिसलने से लगभग 30 मीटर खाई में गिरकर घायल हुई है। पुलिस हर्षिल द्वारा महिला को आर्मी हॉस्पिटल में उपचार हेतु ले जाया गया प्राथमिक उपचार के पश्चात महिला को 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी रैफर किया गया उक्त महिला की रास्ते में ही मृत्यु हो गयी है। उक्त के परिजन मौजूद थे।

**दिनांक 26.12.2021 को गंगोरी–डोडीताल मोटर मार्ग पर भंकोली के समीप यूटिलिटि वाहन करीब** दोपहर 1:30 बजे अनियंत्रित होकर 200 मीटर खाई मे दुर्घटनाग्रस्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/एस0डी0आर0एफ0 /क्यू0आर0टी0/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र रेस्क्यू कार्य करवाया गयां किया गया। वाहन में 03 लोग सवार थे जिनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी











**दिनांक 26.12.2021 को मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुसार के अनुसार जनपद के ऊचॉई वाले क्षेत्रों में बर्फवारी हुयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जनपद के रेखीय एवं खोज–बचाव टीमो को सर्तक पर रखा गया।**





GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT
METEOROLOGICAL CENTRE DEHRADUN

उत्तराखंड के लिए 5 दिनों का जनपद-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान
5 days District-Level Weather Forecast for Uttarakhand

जारी करने की तिथि व समय/Date & Time of issue:
26th December, 2021 at 17:30 Hours IST

| दिनांक/Date | मौसमपूर्वानुमान | WEATHER FORECAST |
|---|---|---|
| 26.12.2021 | [illegible] | Very light to light rain/snowfall likely to occur at isolated places especially in higher reaches in Uttarkashi, Chamoli, Rudraprayag, Bageshwar and Pithoragarh districts of Uttarakhand. Dry weather likely to prevail in remaining districts of Uttarakhand. Snowfall likely to occur at places with height 3000m and above. |
| 27.12.2021 | [illegible] | Very light to light rain/snowfall likely to occur at isolated places especially in higher reaches in Uttarkashi, Chamoli and Pithoragarh districts of Uttarakhand. Dry weather likely to prevail in remaining districts of Uttarakhand. Snowfall likely to occur at places with height 3000m and above. |
| 28.12.2021 | [illegible] | Very light to light rain/snowfall likely to occur at a few places in Kumaon region and at isolated places in hills of Garhwal region of Uttarakhand. Dry weather likely to prevail in remaining places of Uttarakhand. Snowfall likely to occur at places with height 2500m and above. |
| 29.12.2021 | [illegible] | Light to moderate rain/snowfall likely to occur at many places in Kumaon region and at isolated places in hills of Garhwal region of Uttarakhand. Dry weather likely to prevail in remaining places of Uttarakhand. Snowfall likely to occur at places with height 2500m and above. |
| 30.12.2021 | [illegible] | Very light to light rain/snowfall likely to occur at isolated places in hills of Kumaon region of Uttarakhand. Dry weather likely to prevail in remaining places of Uttarakhand. |
| अगले दो दिनों का दृष्टिकोण | | Outlook for next two days |
| मौसम शुष्क रहेगा। | | Dry weather likely to prevail. |





**दिनांक 27.12.2021 को केदारकाण्ड ट्रैक तहसील मोरी में एक जयपुर राजिस्तान के ट्रैकर की मृत्यु** हुयी है। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सम्बन्धित वन विभाग आदि से समन्वय कर शव को लाया गया तथा सम्बनिधतों को सुपर्द किया गया।

**दिनांक 28.12.2021 को जिला मुख्यालय के पास समीप ताम्बाखानी सुरंग के पास एक दुकान में** आग लगने की सूचना प्राप्त हुयी। कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय किया गया । अग्निशमन विभाग द्वारा शीघ्र ही आग पर काबू पाया गया। घटना में दुकान की सामग्री क्षतिग्रस्त हुयी ।



**दिनांक 30.12.2021 को धरासू बड़ेथी–बनचौरा मोटर मार्ग गुनाली तोक के पास एक वाहन** दुर्घटनाग्रस्त हुआ आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस /क्यू0आर0टी0/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। वाहन मे कुल 02 लोग सवार थे जिसमें एक घायल व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र बनचोरा भेजा गया तथा एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी।

**शीतलीरी के प्रकोप से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क अलाव जलाने एवं निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को ठंड के प्रकोप से बचाने हेतु कम्बल वितरण हेतु धनराशि वितरित की गयी–**

| **क्र.सं.** | **तहसील का नाम** | **अलाव हेतु धनराशि का आवंटन (रू0 में)** |
|---|---|---|
| 1 | भटवाडी | 40,000.00 |
| 2 | डुण्डा | 40,000.00 |
| 3 | चिन्यालीसौड | 40,000.00 |
| 4 | बडकोट | 40,000.00 |
| 5 | पुरोला | 40,000.00 |
| 6 | मोरी। | 40,000.00 |
| 7 | उप तहसील, जोशियाडा | 30,000.00 |
| 8 | उप तहसील, धौन्तरी | 30,000.00 |
| **योग** | | **4,00,000.00** |

<u>**रैनबसेरों का विवरण**</u>**–**

| **क्रम संख्या** | **नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत का नाम** | **संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | चिन्यालीसौड | 01 |
| 2 | बडकोट | 01 |
| 3 | पुरोला | 01 |
| 4 | उत्तरकाशी | 01 |

शीतलहर/ठण्ड बढ़ने के दृष्टिगत आम जनमानस की सुविधा हेतु जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी।

























**<u>इसके अतिरिक्त सड़क सम्बन्धित विभागों को राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य ग्रामीण यातायात</u>** मार्गों के बर्फवारी/पाला पड़ने वाले स्थानों आदि क्षेत्रों में आवश्यक मात्रा में चूना आदि की पर्याप्त व्यवस्था एवं भूस्खलन से संवेदनशील स्थानों पर सक्षम अधिकारी एवं आवश्यक मशीनरी (जेसीबी/पोकलैण्ड/डोजर आदि) तथा मजदूरों की तैनाती रखी गयी है।

**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा बैकुंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली, हाल उजेली, उत्तरकाशी से प्राप्त** कम्बल/बच्चों के गर्म टोपी/मौजा/दस्ताने को जनपद अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा/अग्निकाण्ड से प्रभावित परिवारों/गरीब/निसहाय/भिखारी आदि लोगों के लिये शीत ऋतु में ठण्ड से बचाव हेतु निम्नप्रकार वितरित की गयी। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर जनपद की त्वरित कार्यवाही दल के माध्यम से निसहाय/गरीब परिवारों को कम्बल एवं बच्चों को टोपी आदि वितरित की गयी–

| **क्र.सं.** | **सम्बन्धित अधिकारी/केन्द्र का नाम** | **वितरित कम्बल की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | उप जिलाधिकारी, भटवाडी | 200 |
| 2 | उप जिलाधिकारी, डुण्डा। | 200 |
| 3 | उप जिलाधिकारी, बडकोट। | 200 |
| 4 | उप जिलाधिकारी, पुरोला | 200 |
| 5 | सचिव, रेडक्रॉस समिति, उत्तरकाशी। | 500 |
| 6 | कमान अधिकारी,<br>सीमा सड़क संगठन, 72 आर0सी0सी0, उत्तरकाशी। | 100 |
| 7 | कमान अधिकारी,<br>सीमा सड़क संगठन, 1442 आर0सी0सी0 उत्तरकाशी। | 100 |
| 8 | जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी। | 500 |
| | **योग** | **2000** |













<u>**सचिव, आपदा प्रबन्धन, एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आपदा**</u> प्रबन्धन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली, गवर्नमेंट इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड के सहयोग से दिनांक 27 से 31 दिसम्बर, 2021 तक आपदा प्रबन्धन विषयक एक सप्ताह के ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम में जनपद से निर्वाचन कार्य होने के कारण मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रतिभाग किया गया।





**विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दृष्टिगत दिये गये दायित्वों का निर्वहन कर जनपद के संचार विहीन क्षेत्रों, सम्भावित बर्फवारी से** आच्छादित 113 चिन्हित मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर संसाधनो ंकी तैनाती एवं निर्वाचन तैयारियों हेतु सुचारू नेटवर्क उपलब्ध कराये जाने हेतु नेटवर्क कम्पनियों से समन्वय आदि निर्वाचन कार्यों का सम्पादन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त खोज–बचाव टीम/आर्मी/आई0टी0बी0पी0 से आवश्यक सहयोग/सामग्री/संसाधनों की उपलब्धता हेतु समन्वय किया गया।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः–** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, यू0एस0डी0एम0ए0, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।